237 236 **1000Rs.**

INDIA NON JUDICIAL

१000रू. Rs 1000

सत्यमेव जयते

भारत

5\. एक हज़ार रूपये ONE THOUSAND RUPEES

Attested by
Clement Tilkey
Adv.
06.03.09

46(1) ...
23 I A
6/3/9

6-3-09

श्रवण कुमार महतो
6.3.09

§1§ लेख्यकारी:- श्री श्रवण कुमार महतो पिता स्व0 जयपाल महतो, जाति- कुम्हार, धर्म- हिन्दु, पेशा- खेती, निवास गाँव- गोमरा सुन्दरपुर, थाना- सिमडेगा, जिला-सिमडेगा ।

.. .. .. विक्रेता ।

शपथ-पत्र संख्या:- 159/2009

प. ग. राजेश कुमार महतो
पिता- स्व: जयपाल महतो
ग्राम- गोमरा नया टोली
थाना-व जिला- सिमडेगा
06-03-09

1000Rs.



--2--

§2§ लेख्यधारिणीः- श्रीमति सेलिना बाः पति श्री पास्कल डुंगडुंग जाति- खड़िया, धर्म- इसाई, पेशा- नौकरी, निवास गाँव-गोतरा सुन्दरपुर, थाना- सिमडेगा, जिला- सिमडेगा ।

.. भारतीय नागरिक .. क्रेतिका ।

शपथ-पत्र संख्याः- 160/2009

§3§ लेख्यप्रकारः- विक्रय पत्र केवाला वैला कलामी पुत्र पुत्रादिक सदा सर्वदा के लिए होता है ।

§4§ मूल्यः- मो0बलिग एक लाख पचास हजार रूपये अंके 1,50,000/- रूपये होता है ।

श्रवण कुमार महतो 6.3.09

§5§ सम्पति का विवरणः- अन्दर मौजा- गोतरा आनन्द नगर, थाना- सिमडेगा, थाना नं0 80, सब रजिस्ट्री ऑफिस वो जिला- सिमडेगा के अन्तर्गत खाता नं0 215 §दो सौ पन्द्रह§ प्लॉट नं0 2755 §सताईस सौ पचपन§ रकबा 1.13 एकड़ में से रकबा 0.15 एकड़ §पन्द्रह डिसमिल§ आवासीय जमीन, जिसपर मकान या निर्माण नहीं है, जिसकी चौहद्दीः-

उत्तरः- प्लॉट नं0 2758 ब्रजलाल महतो का टांड़,

दक्षिणः- इसी प्लॉट का अंश नीज विक्रेता टांड़,

पूरब :- इसी प्लॉट का अंश नीज विक्रेता टांड़,

पश्चिमः- प्लॉट नं0 2761 में सोरेंग जी का मकान घेरा ।

गो0- पास्कल डुंगडुंग
पिता- राफाएल डुंगडुंग
ग्राम- सुन्दरपुर
थाना सो जिला- सिमडेगा
दि0- 6-3-09

1000Rs.

मालगुजारी 05 पैसे (पाँच पैसे) अलावे सेस सलाना ।

(1) चुँकि मुझ लेखयकारी को मकान बनाने के वास्ते रूपयों की जरूरत पडी जिसकी व्यवस्था जमीन बेचे वगैर सम्भव न हुई और तब मैंने लेखयधारिणी से मेरी जमीन खरीदने की प्रार्थना की जिसे उन्होंने खरीदना एवं रूपये देना स्वीकार किया ।

(2) इसलिए मैंने अपनी इच्छा से शरीर वो मन की स्वस्थता में रहकर उपर खाना संख्या पाँच में वर्णित जमीन को उपर्युक्त लेखयधारिणी के हाथ नगद कीमत चुकता पाकर बेचा और बेची गई जमीन का कुल हक दखल वो अधिकार उक्त लेखयधारिणी वो उनके उत्तराधिकारियों के हाथ सदा दिन के लिए हस्तान्तरित कर दिया । अब से बेची गई जमीन पर न मेरा कोई हक सरोकार रहा और न मेरे किसी उत्तराधिकारी या स्थानापन्न का कोई हक सरोकार रहा और न आइन्दे रहेगा ।

(3) मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि बेची जा रही जमीन मेरी खतियानी है पिछले नाप में रूंगटु कुम्हार पिता पुना कुम्हार वो गोपाल कुम्हार वो भुपाल कुम्हार वो दीगपाल कुम्हार वो कुपाल कुम्हार पेशरान भुटकु कुम्हार के नाम से नाप हुआ था । खतियानी रैयतों के बीच जमीन का बँटवारा सर्वे के समय ही हो चुका था । खतियानी रैयतों

श्रवण कुमार महतो
6.3.09

1000Rs.

की मृत्यु हो चुकी है । खतियानी रैयत रूंगटू कुम्हार मेरे परदादा थे । खतियानी रैयत रूंगटू कुम्हार के चार पुत्र थे प्रह्लाद कुम्हार, अहलाद कुम्हार, प्रभु कुम्हार तथा रामेश्वर कुम्हार । इन चारों का मृत्यु हो चुकी है इन चारों के बीच जमीन का बँटवारा हो चुका है । प्रह्लाद कुम्हार मेरे दादा थे । मेरे दादा प्रह्लाद कुम्हार का एकमात्र पुत्र जयपाल कुम्हार थे जो मेरे पिताजी थे । उनका भी मृत्यु हो चुका है । मेरे पिताजी के तीन पुत्र हैं । श्रवण कुम्हार, अखिलेश कुम्हार तथा राजेश कुम्हार । श्रवण कुम्हार मैं बिक्रेता हूँ । मेरे पिताजी के मृत्यु के बाद उत्तराधिकारी से जमीन प्राप्त हुआ । मेरे तीनों भाईयों के बीच जमीन का बँटवारा मौखिक हो चुका है । बेची जा रही जमीन मेरे हिस्से की दखल की जमीन है जिसपर मैं शांतिपूर्ण दखलकार हूँ । सरकारी मालगुजारी की रसीद मेरे पिताजी जयपाल कुम्हार वगै० के नाम से कट रहा है जिसका मालगुजारी अदा कर रहे हैं ।

श्रवण कुमार महतो
6.3.09

§4§ अब चाहिए कि लेख्यधारिणी अपनी जमीन पर काबिज वो दखलकार होकर अपना जैसा फायदा का समझें अपने उपयोग में लावें वो झारखण्ड सरकार वजरिए अंचल अधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय से अपने नाम पर दाखिल खारिज कराकर तारीख लेख्य से व अदाय मालगुजारी के रसीद खास नाम से हासिल किया करें ।

§5§ इसलिए यह विक्रय पत्र केवाला वैला कलामी सदा दिन के लिए लिख दिया कि प्रमाण रहे वो वक्त जरूरत पर काम आवे ।

1000Rs.



मैं लेखयकारी यह घोषणा करता हूँ कि बिक्रीत जमीन वो बयत जमीन सिलिंग के अन्तर्गत नहीं आता है ।

श्रवण कुमार महतो
6.3.09

प्रमाणित किया जाता है कि श्री श्रवण कुमार महतो ने अपने बांये हाथ के पांचों अंगुलियों का निशान मेरे समक्ष दिया।

Clement Tirkey
Adv. 06.03.09

श्रवण कुमार महतो
6.3.09

मैं लेखयधारिणी यह घोषणा करती हूँ कि पूर्व में धारित जमीन वो खरीदगी के बाद कुल धारित जमीन सिलिंग के अन्तर्गत नहीं आता है ।

सेलिना बाअ:
6-3-09

Clement Tirkey
Adv. 06.03.09

प्रमाणित किया जाता है कि श्रीमती सेलिना बाअ: ने अपने बांये हाथ के पांचों अंगुलियों का निशान मेरे समक्ष दी।

Clement Tirkey
Adv.
06.03.09

1000Rs.



उभय पक्षों के कहे अनुसार इस विक्रय पत्र दस्तावेज का प्रारूप तैयार किया एवं उनको गवाहों के समक्ष पढ़कर सुना वो समझा दिया जिसे उन्होंने स्वीकार किया ।

सही/- Clement Purty
Advocate, Simdega
(प्रारूपकर्त्ता)
तारीख:- 06.03.09

प्रमाणित किया जाता है कि इस विक्रय पत्र दस्तावेज के कुल छः पृष्ठों में कुल 556 शब्द टंकित हैं जो खण्डन रहित वो नक्सा सहित है ।

श्रवण कुमार महतो
6.3.09

टंकक
मो० महबूब
6.3.2009
मो० महबूब
कचहरी परिसर,
सिमडेगा ।

श्रवण कुमार महतो
6.3.09